अमर उजाला 19/08/2023

भाषण प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के महिला सेल और अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से एंटी रैगिंग सेल ने यूजीसी के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग सप्ताह समारोह के दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। भाषण प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के संबंध में देश के कानूनों के बारे में जागरूक करना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को भारत में रैगिंग के खतरे के बारे में संबोधित किया। महिला सेल और एंटी रैगिंग समिति की संयोजक डॉ. सीमा कंसल ने परिसर को रैगिंग मुक्त बनाने और मैत्रीपूर्ण माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। भाषण प्रतियोगिता में सभी संकाय सदस्यों के साथ डॉ. अनुराधा, डॉ. अनुपमा, डॉ. नियति और डॉ. नीना मौजूद रहे। संवाद